भारत-यूएई संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की 12वीं बैठक

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच **संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (JDCC)** की 12वीं बैठक अबू धाबी में आयोजित की गई, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा तथा सुरक्षा सहयोग को और विस्तृत करने के लिये वार्ता की गई।

- दोनों देशों के बीच भागीदारी को सुदृढ़ करने हेतु व्यापक दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हुए बैठक में प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास, रक्षा औद्योगिक सहयोग और अनुसंधान एवं विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया।
    - भारत और संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। शुरुआत से लेकर अब तक कुल 11 दौर की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। इस बैठक से संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को और अधिक विस्तार देने का अवसर प्राप्त हुआ।
    - **भारत-संयुक्त अरब अमीरात रक्षा सहयोग:**
        - वायु सेना: वर्ष 2018 में **मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR)** पर त्रिपक्षीय वायु अभ्यास।
        - नौसेना: **अभ्यास "गल्फ स्टार 1"**, ज़ायद तलवार और IDEX/NAVDEX।
- UAE **अरब प्रायद्वीप** पर स्थित है जो ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी की सीमा पर स्थित है। इसकी सीमा दक्षिण और पश्चिम में सऊदी अरब तथा दक्षिण-पूर्व में ओमान से लगती है जबकि तर इसके उत्तर-पश्चिम में स्थित है।
    - **ईरान** और **ओमान** के साथ UAE, होर्मुज जलडमरूमध्य के साथ एक तटरेखा साझा करता है जो इसे इस रणनीतिक जलमार्ग की सीमा से लगे तीन देशों में से एक बनाता है।
    - UAE एक संघीय सर्वोच्च परिषद द्वारा शासित है जो सात अमीरात से मिलकर बना है: **अबू धाबी (सबसे बड़ा अमीरात)**, दुबई, अजमान, फुजैराह, शारजाह, रस अल-खैमाह और उम्म अल-कैवेन।

//

और पढ़ें: भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12th-india-uae-joint-defence-cooperation-committee-meeting